# साधु भाई बेगम देश हमारा भजन लिरिक्स

साधु भाई बेगम देश हमारा,
बेगम देश वेद से न्यारा,
वहां नहीं काल पसारा।bd।

---

राजा रंक फकीर बादशाह,
सब ने करु पुकारा,
जो तुम आवो परम् धाम से,
वसिये लोक हमारा,
साधु भाईं बेगम देश हमारा।bd।

---

जो तुम आवो हल्का होकर,
तजो मान का भारा,
ऐसी रहनी रो मेरे अबधु,
भवजल उतरो पारा,
साधु भाईं बेगम देश हमारा।bd।

---

धर नही घघन पवन नही पानी,
चंद सूरज नही तारा,
बिन महताब हाट उजियारा,
सायब के दरबारा,
साधु भाईं बेगम देश हमारा।bd।

---

लोक लाज कुल कारण मेटो,
कहो शब्द टकसारा,
कह कबीर सुनो भाई साधो,
जाय लगो किनारा,
साधु भाईं बेगम देश हमारा।bd।

---

साधु भाई बेगम देश हमारा,
बेगम देश वेद से न्यारा,
वहां नही काल पसारा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com